# मासिक अपराध प्रतिवेदन मार्च 2011

माह मार्च 2011 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।

राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2010 के माह मार्च की तुलना में (भा.द.स) भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

## (माह मार्च 2010, फरवरी 2011 एवं मार्च 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2010 | फरवरी 2011 | मार्च 2011 | मार्च 2010 से मार्च 2011 | फरवरी 2011 से मार्च 2011 | मार्च 2010 से मार्च 2011 | फरवरी 2011 से मार्च 2011 |
| 1 | हत्या | 104 | 97 | 111 | 7 | 14 | 6.73 | 14.43 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 137 | 109 | 154 | 17 | 45 | 12.41 | 41.28 |
| 3 | डकैती | 1 | 1 | 0 | -1 | -1 | -100.00 | -100.00 |
| 4 | लूट | 77 | 46 | 57 | -20 | 11 | -25.97 | 23.91 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 271 | 241 | 245 | -26 | 4 | -9.59 | 1.66 |
| 6 | बलात्कार | 155 | 140 | 162 | 7 | 22 | 4.52 | 15.71 |
| 9 | बलवा | 138 | 66 | 77 | -61 | 11 | -44.20 | 16.67 |
| 7 | नकबजनी | 428 | 399 | 360 | -68 | -39 | -15.89 | -9.77 |
| 8 | चोरी | 2010 | 1810 | 1651 | -359 | -159 | -17.86 | -8.78 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 11545 | 9382 | 10670 | -875 | 1288 | -7.58 | 13.73 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **14866** | **12291** | **13487** | **-1379** | **1196** | **-9.28** | **9.73** |

वर्ष 2011 में 2009 एवं 2010 की तुलना में माह मार्च तक भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः–

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

## वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह मार्च )

| क्र.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मार्च तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 318 | 299 | 303 | -15 | 4 | -4.72 | 1.34 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 380 | 347 | 380 | 0 | 33 | 0.00 | 9.51 |
| 3 | डकैती | 14 | 8 | 4 | -10 | -4 | -71.43 | -50.00 |
| 4 | लूट | 214 | 193 | 155 | -59 | -38 | -27.57 | -19.69 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 704 | 696 | 731 | 27 | 35 | 3.84 | 5.03 |
| 6 | बलात्कार | 338 | 347 | 449 | 111 | 102 | 32.84 | 29.39 |
| 7 | बलवा | 253 | 286 | 204 | -49 | -82 | -19.37 | -28.67 |
| 8 | नकबजनी | 1393 | 1264 | 1208 | -185 | -56 | -13.28 | -4.43 |
| 9 | चोरी | 5622 | 5556 | 5501 | -121 | -55 | -2.15 | -0.99 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 29127 | 28821 | 30339 | 1212 | 1518 | 4.16 | 5.27 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **38363** | **37817** | **39274** | **911** | **1457** | **2.37** | **3.85** |

# <u>निस्तारण भा.द.सं.</u>

आलोच्य वर्ष 2011 में माह मार्च तक भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार हैः–

**निस्तारण भा.द.स. वर्ष 2011 (माह मार्च)**

| क्र सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 303 | 29 | 25.44 | 1 | 30 | 84 | 98.82 | 189 | 62.38 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 380 | 15 | 8.47 | 2 | 17 | 160 | 98.77 | 203 | 53.42 |
| 3 | डकैती | 4 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 1 | 100.00 | 3 | 75.00 |
| 4 | लूट | 155 | 8 | 10.67 | 12 | 20 | 55 | 82.09 | 80 | 51.61 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 731 | 256 | 71.51 | 8 | 264 | 94 | 92.16 | 373 | 51.03 |
| 6 | बलात्कार | 449 | 109 | 46.78 | 0 | 109 | 124 | 100.00 | 216 | 48.11 |
| 7 | बलवा | 204 | 21 | 13.29 | 0 | 21 | 137 | 100.00 | 46 | 22.55 |
| 8 | नकबजनी | 1208 | 39 | 4.80 | 509 | 548 | 265 | 34.24 | 395 | 32.70 |
| 9 | चोरी | 5501 | 243 | 5.55 | 3222 | 3465 | 911 | 22.04 | 1125 | 20.45 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 30339 | 7274 | 30.99 | 810 | 8084 | 15388 | 95.00 | 6867 | 22.63 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **39274** | **7994** | **26.85** | **4564** | **12558** | **17219** | **79.05** | **9497** | **24.18** |

- एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता/ अदमसबूत।

वर्ष 2010 एवं 2011 में (माह मार्च तक) सम्पति सम्बन्धी अपराधों के चालानी, अदम वकूआ एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

| क. सं. | शीर्षक | अदम वकू प्रतिशत | | चालानी प्रतिशत | | बरामदगी प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2010 | 2011 | 2010 | 2011 |
| 1 | डकैती | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 100.00 | 97.68 | 80.73 |
| 2 | लूट | 8.89 | 10.67 | 71.95 | 82.09 | 53.33 | 63.09 |
| 3 | नकबजनी | 4.72 | 4.80 | 35.79 | 34.24 | 38.72 | 36.92 |
| 4 | चोरी | 5.68 | 5.55 | 17.93 | 22.04 | 42.72 | 55.32 |
| **5** | **योग भादसं.** | **25.12** | **26.85** | **78.79** | **79.05** | **45.49** | **53.87** |

भा.द.सं. के तहत माह मार्च 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2011 में माह मार्च तक नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

# स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, फरवरी 2011 एवं मार्च 2010 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

**स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – माहवार तुलनात्मक स्थिति**
**(माह मार्च 2010, फरवरी 2011 एवं मार्च 2011)**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2010 | फरवरी 2011 | मार्च 2011 | मार्च 2010 से मार्च 2011 | फरवरी 2011 से मार्च 2011 | मार्च 2010 से मार्च 2011 | फरवरी 2011 से मार्च 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 910 | 892 | 883 | -27 | -9 | -2.97 | -1.01 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1367 | 1271 | 1274 | -93 | 3 | -6.80 | 0.24 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 338 | 433 | 432 | 94 | -1 | 27.81 | -0.23 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 86 | 89 | 169 | 83 | 80 | 96.51 | 89.89 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 28 | 50 | 30 | 2 | -20 | 7.14 | -40.00 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 23 | 31 | 16 | -7 | -15 | -30.43 | -48.39 |
| 7 | अन्य एक्ट | 1581 | 1803 | 2043 | 462 | 240 | 29.22 | 13.31 |
| 8 | **योग** | **4333** | **4569** | **4847** | **514** | **278** | **11.86** | **6.08** |

**स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – वर्षवार तुलनात्मक स्थिति**
**वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह मार्च )**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मार्च तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 2960 | 2578 | 3878 | 918 | 1300 | 31.01 | 50.43 |
| 2 | जुआ एक्ट | 3295 | 3619 | 3861 | 566 | 242 | 17.18 | 6.69 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 920 | 907 | 1268 | 348 | 361 | 37.83 | 39.80 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 241 | 234 | 353 | 112 | 119 | 46.47 | 50.85 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 80 | 103 | 125 | 45 | 22 | 56.25 | 21.36 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 73 | 65 | 75 | 2 | 10 | 2.74 | 15.38 |
| 7 | अन्य एक्ट | 3354 | 3592 | 5621 | 2267 | 2029 | 67.59 | 56.49 |
| 8 | **योग** | **10923** | **11098** | **15181** | **4258** | **4083** | **38.98** | **36.79** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत मार्च 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

**निस्तारण स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2011 (माह मार्च)**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदमवकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 3878 | 0 | 0.00 | 9 | 9 | 3630 | 99.75 | 239 | 6.16 |
| 2 | जुआ एक्ट | 3861 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 3849 | 100.00 | 12 | 0.31 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 1268 | 0 | 0.00 | 4 | 4 | 1139 | 99.65 | 125 | 9.86 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 353 | 2 | 1.22 | 1 | 3 | 161 | 99.38 | 189 | 53.54 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 125 | 0 | 0.00 | 3 | 3 | 97 | 97.00 | 25 | 20.00 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 75 | 2 | 4.76 | 0 | 2 | 40 | 100.00 | 33 | 44.00 |
| 7 | अन्य एक्ट | 5621 | 1648 | 33.97 | 403 | 2051 | 2800 | 87.42 | 770 | 13.70 |
| 8 | **योग एक्ट** | **15181** | **1652** | **11.98** | **420** | **2072** | **11716** | **96.54** | **1393** | **9.18** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति

### (माह मार्च 2010, फरवरी 2011 एवं मार्च 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2010 | फरवरी 2011 | मार्च 2011 | मार्च 2010 से मार्च 2011 | फरवरी 2011 से मार्च 2011 | मार्च 2010 से मार्च 2011 | फरवरी 2011 से मार्च 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 41 | 25 | 45 | 4 | 20 | 9.76 | 80.00 |
| 2 | दहेजआत्महत्याका दुष्प्रेरण | 13 | 14 | 14 | 1 | 0 | 7.69 | 0.00 |
| 3 | महिला उत्पीडन(498-A) | 845 | 793 | 843 | -2 | 50 | -0.24 | 6.31 |
| 4 | बलात्कार | 155 | 140 | 162 | 7 | 22 | 4.52 | 15.71 |
| 5 | छेड़छाड़ | 249 | 179 | 222 | -27 | 43 | -10.84 | 24.02 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 224 | 209 | 209 | -15 | 0 | -6.70 | 0.00 |
| 7 | अन्य | 69 | 72 | 67 | -2 | -5 | -2.90 | -6.94 |
| **8** | **कुल योग** | **1596** | **1432** | **1562** | **-34** | **130** | **-2.13** | **9.08** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति

### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह मार्च )

| क. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मार्च तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 97 | 102 | 102 | 5 | 0 | 5.15 | 0.00 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 37 | 45 | 40 | 3 | -5 | 8.11 | -11.11 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 2154 | 2190 | 2556 | 402 | 366 | 18.66 | 16.71 |
| 4 | बलात्कार | 338 | 347 | 449 | 111 | 102 | 32.84 | 29.39 |
| 5 | छेड़छाड़ | 615 | 578 | 586 | -29 | 8 | -4.72 | 1.38 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 567 | 584 | 628 | 61 | 44 | 10.76 | 7.53 |
| 7 | अन्य | 194 | 174 | 198 | 4 | 24 | 2.06 | 13.79 |
| **8** | **कुल योग** | **4002** | **4020** | **4559** | **557** | **539** | **13.92** | **13.41** |

- महिला अत्याचार के तहत मर्च 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **''ग''** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार

### (वर्ष 2011 माह मार्च तक)

| क्र सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 102 | 14 | 36.84 | 0 | 14 | 24 | 100.00 | 64 | 62.75 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 40 | 5 | 20.00 | 0 | 5 | 20 | 100.00 | 15 | 37.50 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 2556 | 927 | 50.30 | 0 | 927 | 916 | 100.00 | 713 | 27.90 |
| 4 | बलात्कार | 449 | 109 | 46.78 | 0 | 109 | 124 | 100.00 | 216 | 48.11 |
| 5 | छेड़छाड़ | 586 | 100 | 19.42 | 0 | 100 | 415 | 100.00 | 71 | 12.12 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 628 | 221 | 71.75 | 6 | 227 | 81 | 93.10 | 320 | 50.96 |
| 7 | अन्य अभियोग | 198 | 37 | 24.83 | 0 | 37 | 112 | 100.00 | 49 | 24.75 |
| **8** | **कुल योग** | **4559** | **1413** | **45.42** | **6** | **1419** | **1692** | **99.65** | **1448** | **31.76** |

## अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, फरवरी 2011 एवं मार्च 2010 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति

| क. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2010 | फरवरी 2011 | मार्च 2011 | मार्च 2010 से मार्च 2011 | फरवरी 2011 से मार्च 2011 | मार्च 2010 से मार्च 2011 | फरवरी 2011 से मार्च 2011 |
| 1 | हत्या | 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 200.00 | 500.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 3 | 9 | 7 | 4 | -2 | 133.33 | -22.22 |
| 3 | बलात्कार | 19 | 11 | 16 | -3 | 5 | -15.79 | 45.45 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 7 | 0 | 5 | -2 | 5 | 200.00 | 500.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 394 | 349 | 392 | -2 | 43 | -0.51 | 12.32 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 14 | 7 | 8 | -6 | 1 | -42.86 | 14.29 |
| 8 | **कुल योग** | **439** | **377** | **434** | **-5** | **57** | **-1.14** | **15.12** |

### अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह मार्च )

| क. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मार्च तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 18 | 9 | 14 | -4 | 5 | -22.22 | 55.56 |
| 2 | गम्भीर चोट | 12 | 14 | 21 | 9 | 7 | 75.00 | 50.00 |
| 3 | बलात्कार | 36 | 43 | 48 | 12 | 5 | 33.33 | 11.63 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 10 | 9 | 7 | -3 | -2 | -30.00 | 200.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 964 | 963 | 1093 | 129 | 130 | 13.38 | 13.50 |
| 7 | 3 एससी / एसटी एक्ट | 26 | 22 | 26 | 0 | 4 | 0.00 | 18.18 |
| 8 | **कुल योग** | **1066** | **1060** | **1209** | **143** | **149** | **13.41** | **14.06** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह मार्च 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण वर्ष 2011 (माह मार्च)

| क्रं सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 14 | 2 | 40.00 | 0 | 2 | 3 | 0.00 | 9 | 64.29 |
| 2 | गम्भीर चोट | 21 | 3 | 27.27 | 0 | 3 | 8 | 100.00 | 10 | 47.62 |
| 3 | बलात्कार | 48 | 13 | 46.43 | 0 | 13 | 15 | 0.00 | 20 | 41.67 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 7 | 0 | 0.00 | 1 | 1 | 0 | 0.00 | 6 | 85.71 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 1093 | 431 | 65.40 | 0 | 431 | 228 | 100.00 | 434 | 39.71 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 26 | 14 | 82.35 | 0 | 14 | 3 | 0.00 | 9 | 34.62 |
| 8 | **कुल योग** | **1209** | **463** | **64.22** | **1** | **464** | **257** | **99.61** | **488** | **40.36** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, माह फरवरी 2011 एवं माह मार्च 2010 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है:–

**अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2010 | फरवरी 2011 | मार्च 2011 | मार्च 2010 से मार्च 2011 | फरवरी 2011 से मार्च 2011 | मार्च 2010 से मार्च 2011 | फरवरी 2011 से मार्च 2011 |
| 1 | हत्या | 4 | 1 | 1 | -3 | 0 | -75.00 | 0.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 7 | 0 | 2 | -5 | 2 | -71.43 | 200.00 |
| 3 | बलात्कार | 6 | 5 | 3 | -3 | -2 | -50.00 | -40.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 0 | 0 | -1 | 0 | -100.00 | 0.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 248 | 102 | 86 | -162 | -16 | -65.32 | -15.69 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 2 | 3 | 1 | -1 | -2 | -50.00 | -66.67 |
| 8 | **कुल योग** | **268** | **111** | **93** | **-175** | **-18** | **-65.30** | **-16.22** |

वर्ष 2011 में गत 2 वर्षों की तुलना में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

**अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति**
**वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह मार्च)**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह मार्च तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 2 | 4 | 2 | 0 | -2 | 0.00 | -50.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 4 | 7 | 3 | -1 | -4 | 100.00 | -57.14 |
| 3 | बलात्कार | 9 | 6 | 10 | 1 | 4 | 11.11 | 66.67 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 1 | 5 | 4 | 4 | 400.00 | 500.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 223 | 248 | 288 | 65 | 40 | 29.15 | 16.13 |
| 7 | 3 एससी / एसटी एक्ट | 5 | 2 | 5 | 0 | 3 | 0.00 | 100.00 |
| 8 | **कुल योग** | **244** | **268** | **313** | **69** | **45** | **28.28** | **16.79** |

**अनुसूचित जनजाति अत्याचार निस्तारण स्थिति वर्ष 2011 (माह मार्च)**

| क्रसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 2 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 1 | 0.00 | 1 | 0.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 3 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 2 | 0.00 | 1 | 33.33 |
| 3 | बलात्कार | 10 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 6 | 0.00 | 4 | 40.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 5 | 2 | 0.00 | 0 | 2 | 2 | 0.00 | 1 | 20.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 288 | 123 | 70.69 | 0 | 123 | 51 | 100.00 | 114 | 39.58 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 5 | 1 | 0.00 | 0 | 1 | 2 | 0.00 | 2 | 40.00 |
| 8 | **कुल योग** | **313** | **126** | **66.32** | **0** | **126** | **64** | **100.00** | **123** | **39.30** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह मार्च 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, मार्च 2011 एवं मार्च 2010 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्यवाही | | | वर्ष में कार्यवाही | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2010 | फरवरी 2011 | मार्च 2011 | वर्ष 2010 | वर्ष 2011 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा/बरी | ड्रॉप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107/151 द.प्र.सं. | 8541 | 9321 | 11676 | 32183 | 29256 | 72054 | 60384 | 4 | 30 | 11636 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 1879 | 2134 | 2063 | 4746 | 6259 | 8329 | 7807 | 0 | 0 | 522 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 390 | 3188 | 1771 | 5380 | 6247 | 6247 | 5412 | 0 | 58 | 777 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 19 | 54 | 39 | 90 | 145 | 168 | 80 | 0 | 0 | 88 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 18 | 42 | 128 | 40 | 182 | 293 | 141 | 0 | 0 | 152 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 31 | 40 | 57 | 59 | 135 | 668 | 272 | 0 | 0 | 396 |
| 7 | एच.ओ.एक्ट | 0 | 0 | 10 | 0 | 10 | 10 | 0 | 0 | 0 | 10 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 3159 | 5728 | 6041 | 8302 | 17607 | 18548 | 17154 | 0 | 0 | 1394 |
| 9 | एन.एस.ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2010 एवं 2011 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2010 | 197 | 144 | 53 |
| 2011 (मार्च) | 46 | 10 | 36 |

### सड़क दुर्घटना

| क्र.सं. | वर्ष | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2010 ( मार्च तक) | 6231 | 2331 | 8189 |
| 2 | 2011 ( मार्च तक ) | 5932 | 2245 | 7226 |

माह मार्च 2011 में कुल 2006 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 1881 एवं मार्च 2010 में 2135 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह की अपेक्षा वृद्धि एवं मार्च 2010 की अपेक्षा दुर्घटनाओं में कमी रही है।

राज्य में वर्ष 2011 में माह मार्च तक कुल 5932 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि तक 6231 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 299 (4.79 % ) दुर्घटनाओं की कमी रही है।

## घोषित अपराधी/मफरूर

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन के अन्त में तालिका **'ड'** पर है।

आलोच्य माह में 80 घोषित अपराधी, 130 भगौड़े तथा 1267 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। वर्ष में अब तक 290 घोषित अपराधी, 600 भगौड़े तथा 6706 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

## उपलब्धियाँ माह मार्च– 2011

डकैती:–

- दिनांक 09.03.2011 को जिला भरतपुर थाना रूपवास पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक मकान की घेराबन्दी कर दबिश दी तो अन्दर से सीधे मारने की नियत से गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस पार्टी ने काफी ललकारा व घेराबन्दी मजबूत करते हुए 5 अभियुक्तों के कब्जे से 2 पचफेरा 315 बोर, 62 कारतूस 315 बोर, एक कट्टा 315 बोर, एक चैन व एक सरिया बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इन बदमाशों के खिलाफ जिला धौलपुर, करौली, भरतपुर के अलावा उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, अपहरण के दर्जनों मुकदमें दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक अभियुक्त पर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर की ओर से 4000/–रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 23.03.2011 को जिला झालावाड़ थाना सुनेल पुलिस ने दौराने गश्त रीछड़ नदी की पुलिया के नीचे छिप कर बैठे हुए डकैती की योजना बनाते हुए कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 1 तलवार, एक चाकू, 1 सरिया, एक लोहे का पाईप व एक लठ बरामद किये।
- माह मार्च 2011 में जिला जयपुर उत्तर थाना माणक चौक पुलिस ने हथियारों से लैस डकैती की तैयारी करते हुए 5 अभियुक्तों से 2 देशी कट्टे, 5 कारतूस, एक चाकू, एक बैग जिसमें रसियां, पेचकस, एक कटार, एक मारूती कार बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

लूट:–

- दिनांक 03.03.2011 को जिला हनुमानगढ थाना भिरानी पुलिस ने एक लिखित सूचना पर किराये से गाड़ी ले जाकर ड्राईवर से मारपीट कर गाड़ी छीन ले जाने के दर्ज अभियोग में त्वरित कार्यवाही करते हुए गाड़ी का पीछा किया एवं 3 अभियुक्तों को मय गाडी के गिरफ्तार किया। एक अभियुक्त की जेब से एक 12बोर देशी पिस्तौल बरामद की।
- दिनांक 06 व 24.03.2011 को जिला झालावाड़ थाना मनोहर थाना व सदर पुलिस ने दिनांक 19 व 29.01.2011 को लूट के दो दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो मोटरसाईकिल, 2.46 लाख रूपये नकद एवं 50 हजार रूपये का मालमसरूका बरामद किया।
- दिनांक 08 व 29.03.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना लालकोठी व प्रतापनगर पुलिस ने 3 अभियुक्तों से लूटा गया मालमसरूका एक मोबाइल, पर्स, एक कटार, कानों के कुण्डल, मंगलसूत्र आदि जेवरात बरामद कर गिरफ्तार किया।

हत्या:–

- दिनांक 10.03.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना पारसोली पुलिस ने दिनांक 15.01.2011 को एक अज्ञात व्यक्ति की लाश के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान सूत्र सूचना पर दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.03.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना बड़ी सादड़ी पुलिस ने टेलिफोन सूचना पर दर्ज अभियोग में दौराने गहन अनुसंधान मृतक के चचेरे भाई की लिप्तता पाये जाने पर उसको गिरफ्तार किया गया।
- दिनांक 29.03.2011 को जिला नागौर थाना डेगाना पुलिस ने जमीन की रंजिश को लेकर की गई हत्या के दर्ज अभियोग में कुल 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

नकबजनी:–

- दिनांक 17.03.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना बांसवाड़ा पुलिस ने दिनांक 16.03.2011 की रात्रि को अज्ञात बदमाशान द्वारा मोबाइल की दुकान का शटर तोड़कर चोरी के दर्ज अभियोग में दो अभियुक्तों के कब्जे से 7 मोबाइल, एक एलसीडी, 1135 रूपये नकद, बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 30.03.2011 को जिला डूँगरपुर थाना आसपुर पुलिस ने दिनांक 29.03.2011 की रात्रि को साई मन्दिर में हुई चोरी के दर्ज अभियोग में 1 अभियुक्त को उसके कब्जे से चोरी गया सामान व 13 हजार रूपये बरामद कर गिरफ्तार किया।

**जालीनोटः—**

- दिनांक 17.03.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने एक मोबाईल की दुकान में दबिश देकर 1000, 500 व 100 रूपये के जालीनोट कुल 4.00 लाख रूपये के जालीनोट व नकली नोट बनाने में प्रयुक्त 3 प्रिन्टर, 16 कलर कारटेज, कागजो की रिम, स्कैनर आदि बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.03.2011 को जिला जालोर थाना आहोर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक प्रिन्टींग प्रेस दुकान में कूटरचित किये गये 100—100 के 26 जालीनोट व 50—50 के 45 जालीनोट कुल 4850/—रूपये के जालीनोट बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**धोखाधड़ीः—**

- दिनांक 27.03.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना मानटाऊन पुलिस ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय मानटाऊन के स्टोंग रूम के इन्चार्ज व एल.डी.सी. ने मिली भगत कर भारी मात्रा में रूपये प्राप्त करने हेतु 10वी व 12वी की उत्तर पुस्तिकाओं में हेराफेरी करने के दर्ज अभियोग में कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**ईनामी अभियुक्तः—**

- दिनांक 10.3.2011 को जिला धौलपुर थाना कंचनपुर व मनियां पुलिस ने सूत्र सूचना पर ईनामी दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पौना 315 बोर एवं एक कट्टा 315 बोर व 7 कारतूस 315 बोर के बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसकी गिरफ्तारी हेतु जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा क्रमशः 1000/—रूपये एवं 2000/—रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 20.03.2011 को जिला धौलपुर थाना मनियां पुलिस ने दौराने एडीएफ गश्त एक ईनामी बदमाश से एक कट्टा 315 बोर व 3 कारतूस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इसकी गिरफ्तारी हेतु जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा 1000/—रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 22.3.2011 को जिला धौलपुर थाना मनियां पुलिस ने एक ईनामी बदमाश के कब्जे से एक बन्दूक 12बोर व 4 कारतूस 12बोर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर से 4000/—रूपये व पुलिस अधीक्षक मुरैना मध्यप्रदेश की ओर से 5000/—रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 22.3.2011 को जिला धौलपुर थाना बाड़ी पुलिस ने एक ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। इस अभियुक्त की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक धौलपुर से 1000/—रूपये व पुलिस अधीक्षक भीण्ड व पुलिस अधीक्षक मुरैना मध्यप्रदेश की ओर से 5000—5000/—रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 25.3.2011 को जिला धौलपुर थाना सरमथुरा पुलिस ने एक ईनामी महिला अपराधी को गिरफ्तार किया। इस अभियुक्ता की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक धौलपुर की ओर से 1000/—रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 28.3.2011 को जिला धौलपुर थाना सरमथुरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक ईनामी बदमाश के कब्जे से एक कट्टा 315बोर व 2 कारतूस 315बोर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु महानिरीक्षक पुलिस आगरा, यूपी की ओर से 5000/—रूपये का ईनाम घोषित था।

चोरीः–

- दिनांक 01, 11, 16 व 27.03.2011 को जिला पाली थाना रास, सोजतसिटी, कोतवाली व खिवाड़ा पुलिस ने चोरी के दर्ज 5 अभियोगों में कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गया मालमसरूका 1.00 लाख रूपये का बरामद किया।
- दिनांक 02.03.2011 को जिला नागौर जसवन्तगढ पुलिस ने अटैची चोर गिरोह के 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.80 लाख रूपये का चोरी का माल बरामद किया।
- दिनांक 10 व 15.03.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना सल्लोपाट व सदर पुलिस ने दिनांक 06.01.2011 व दिनांक 15.03.2011 को हुई चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल कीमतन 27 हजार रूपये बरामद किया।
- दिनांक 11.03.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना सूरसागर पुलिस ने चोरी के एक दर्ज अभियोग में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 2.80 लाख रूपये के जेवरात व 17 हजार रूपये नकद बरामद किये।
- दिनांक 12.03.2011 को जिला गंगानगर थाना जवाहर नगर पुलिस ने अज्ञात अभियुक्तों द्वारा 2.00 लाख रूपये के गहने, नकदी के दर्ज अभियोग में एक अभियुक्त को नामजद कर चोरी गया मालमसरूका 1.90 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13 व 26.03.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना शाहपुरा व प्रागपुरा पुलिस ने चोरी के 9 अभियुक्तों से चोरी गया मालमसरूका एल्यूमिनियम के 7 बण्डल, 7 नग ट्रान्सफार्मर, 7 नग तांबे की वाइण्डिग, 6 बण्डल काली मोटी केबल व तांबे की प्लेटे बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.03.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना अजमेर पुलिस ने एक व्यक्ति की जेब से पर्स जिसमें 8300/–रूपये थे चोरी करने पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई राशि बरामद की।
- दिनांक 22.03.2011 को जिला डूॅगरपुर थाना आसपुर पुलिस ने दिनांक 02.03.2011 की रात्रि को कमरे से मोबाइल फोन व नकद राशि चोरी होने के दर्ज अभियोग में 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया सामान कीमतन 10 हजार रूपये बरामद किया।
- दिनांक 24 व 28.03.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये 25 हजार रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**वाहन चोरी :–**

- दिनांक 02.03.2011 को जिला जालोर थाना चितलवाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक स्कार्पियों कार बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 06 व 11.03.2011 को जिला भरतपुर थाना कामां, सीकरी एवं डीग पुलिस ने सूत्र सूचना पर 4 अभियुक्तों से चोरी गई दो मोटरसाईकिलें व एक स्वराज ट्रेक्टर मय ट्रोली बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05 व 10.03.2011 को जिला बांसवाडा थाना सल्लोपाट पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई दो मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 14 व 22.03.2011 को जिला सवाईमाधोपुर थाना बोली, कोतवाली, मलारनाडूॅगर व गंगापुरसिटी पुलिस ने 5 अभियुक्तों से चोरी गई एक कार व 3 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 11.03.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई दो मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.03.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना जवाहर सर्किल पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से चुराई गई मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 15, 22 व 25.03.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना नाहरगढ, सदर व शिप्रापथ पुलिस ने आठ अभियुक्तों से चोरी गई 4 मोटरसाईकिलें एक कार बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.03.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना उदयपुर पुलिस ने कर्मचारी पार्किंग स्थल रेल्वे स्टेशन से चोरी गयी एक मोटरसाईकिल के दर्ज अभियोग में एक अभियुक्त के कब्जे से चोरी गई मोटरसाईकिल बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.03.2011 को जिला झालावाड़ थाना अकलेरा पुलिस ने दो वाहन चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 6 अभियुक्तों के कब्जे से एक अल्टो कार, एक असेन्ट कार बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह मार्च 2011 में जिला जयपुर उत्तर थाना ब्रह्मपुरी, जालुपुरा, कोतवाली, नाहरगढ, रामगंज, शास्त्रीनगर व विद्याधर नगर पुलिस ने 13 अभियुक्तों से 10 चोरी गई मोटरसाईकिले, 3 अभियुक्तों से चोरी गये 2 ऑटोरिक्शा एवं 2 अभियुक्तों से 2 कार/जीप बरामद कर कुल 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह मार्च 2011 में जिला दौसा थाना लालसोट, सदर, बॉदीकुई, मानपुर व महुवा व कोतवाली पुलिस ने 7 अभियुक्तों से चोरी गई 3 ट्रेक्टर मय एक ट्रोली व 6 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

<u>अवैध शराबः–</u>

- दिनांक 02 व 08.03.2011 को जिला जालोर थाना चितलवाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 625 कार्टूनों में हरियाणा निर्मित शराब व 200 लीटर स्प्रीट बरामद कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.03.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना लोहारिया पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 161 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 05, 14, 17 व 27.03.2011 को जिला सीकर थाना श्रीमाधोपुर, छापर, खाटूश्यामजी, दादीया, लोसल व रानौली पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी 6 अभियुक्तों से 10 कार्टून, 12 बोतल व 52 पव्वे अंग्रेजी शराब तथा 260 पव्वे देशी शराब के बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 09 व 10.03.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना सोड़ाला, मुहाना व महेश नगर पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से 96 पव्वे देशी शराब, 15 लीटर हथकड़ शराब एवं गुर्जर की थड़ी एक मकान से 4 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.03.2011 को जिला हनुमानगढ़ थाना रावतसर पुलिस ने दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1488 पव्वे देशी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08 व 16.03.2011 को जिला झुन्झुनू थाना बुहाना व खेतड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 20 कार्टून, 60 बोतल, 2072 पव्वे अंग्रेजी शराब व 120 पव्वे रफीक संतरा के बरामद कर दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.03.2011 को जिला डूॅगरपुर थाना धम्बोला पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक घर की तलाशी ली तो घास के नीचे 50 कार्टून देशी मदीरा पाये जाने पर जरिये फर्द कब्जा पुलिस ली गई एवं घर पर कोई व्यक्ति नहीं मिलने पर उनकी तलाश जारी है।
- दिनांक 11.03.2011 को जिला झुन्झुनू थाना बुहाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 10 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की जामा तलाशी से उसकी जेब से एक देशी रिवाल्वर बरामद की गई।
- दिनांक 15.03.2011 को जिला बीकानेर थाना छतरगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 224 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 18.03.2011 को जिला बाड़मेर थाना पचपदरा पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही कुल 617 कार्टुन अंग्रेजी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.03.2011 को जिला धौलपुर थाना राजाखेड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के के कब्जे से 202 पव्वे देशी हथकड़ शराब, 8 लीटर तरल पदार्थ, खाली पव्वे, शील करने की मशीन, पव्वों के ढक्कन व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.03.2011 को जिला नागौर थाना जसवन्तगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक जीप में परिवहन कर ले जाये जा रहे 60 कार्टून अवैध देशी शराब बरामद कर 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29 व 30.03.2011 को जिला प्रतापगढ थाना सालमगढ व रठांजना पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 6 पेटी अंग्रेजी शराब 160 पेटी बीयर एवं 954 कार्टून देशी शराब के बरामद कर 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.03.2011 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना खेड़ापा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही  400 पेटी अंग्रेजी शराब की बोतले व 125 पेटी केन बीयर बरामद की।
- माह मार्च 2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से बिना लाईसेन्स के 31 कार्टून अंग्रेजी शराब व 140 बोतल देशी शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मार्च 2011 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 883 प्रकरण दर्ज कर 906 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 44354 बोतल अंग्रेजी शराब 9918 बोतल देशी शराब 4766 बोतल कच्ची शराब एवं 35700 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह मार्च तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 3878 प्रकरण दर्ज कर, 3868 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 226938 बोतल अंग्रेजी शराब, 38303 बोतल देशी शराब, 23997 बोतल कच्ची शराब एवं 111386 बोतल बीयर बरामद की गई।

<u>मादक पदार्थ</u>:–

- दिनांक 01, 23 व 24.03.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना कोटा पुलिस ने प्लेट फार्म नम्बर एक पर खड़ी ट्रेन से कुल तीन अभियुक्तों के कब्जे से 1.100 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 05 व 18.03.2011 को जिला गंगानगर थाना पदमपुर व रायसिंहनगर पुलिस ने सूत्र सूचना पर 4 अभियुक्तों से 1.800 किलोग्राम अफीम एवं 3.600 किलोग्राम गांजा बरामद किया।
- दिनांक 04, 06, 07, 10, 14, 19, 23, 24, 26, 27 व 29.03.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना निम्बाहेड़ा, डूंगला, गंगरार, चित्तौड़गढ, बड़ीसादड़ी, मंगलवाड, राशमी, बेगू पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 17 अभियुक्तों के कब्जे से 290.550 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05 व 12.03.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना निम्बाहेडा, भैसरोडगढ़ व पारसोली पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से 35 किलोग्राम गांजा, 600ग्राम गांजे के पौधे एवं 24.500 किलोग्राम अफीम डोडे बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 19.03.2011 को जिला जालोर थाना बागोडा, सांचोर, भीनमाल व कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 6.400 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08 व 11.03.2011 को जिला झालावाड़ थाना भवानीमण्डी व भालता पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो अभियुक्तों के कब्जे से 2.930 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08, 20 व 30.03.2011 को जिला प्रतापगढ थाना धौलापानी, अरनोद व हथुनिया पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 6 अभियुक्तों के कब्जे से दो दुपहिया वाहनों सहित अवैध परिवहन करते

हुए 12.540 किलोग्राम अफीम, 43.200 किलोग्राम गांजा तथा 700 रूपये नकद मय वाहनों को बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 14.03.2011 को जिला धौलपुर थाना कोतवाली पुलिस ने दौराने गश्त पुराना शहर धौलपुर से मध्यप्रदेश निवासी 2 अभियुक्तों के कब्जे से 40 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त पाउडर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनाक 20.03.2011 को जिला सीकर थाना रिंगस व खाटूश्यामजी पुलिस ने 2 अभियुक्तों के कब्जे से 240 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.03.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना महामन्दिर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 4 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.03.2011 को जिला भरतपुर थाना डीग पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध एक किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 28.03.2011 को जिला जैसलमेर थाना नोख पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 1.300 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.03.2011 को जिला जयपुर दक्षिण पुलिस ने 3 अभियुक्तों के कब्जे से 4.500 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 31.03.2011 को जिला बाड़मेर थाना बायतु पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मार्च 2011 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 169 प्रकरण दर्ज कर, 177 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.382 कि.ग्रा. स्मैक, 0.520 कि.ग्रा. चरस, 328.300 कि0ग्रा0 अफीम, 135.708 कि0ग्रा0 गांजा व 1221.838 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह मार्च तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 353 प्रकरण दर्ज कर 393 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.009 कि0 ग्रा. ब्राउन शुगर, 0.849 कि.ग्रा0 स्मैक, 5.917 कि.ग्रा0 चरस 400.574 कि0ग्रा0 अफीम, 441.984 कि0ग्रा0 गांजा व 8814.228 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

<u>अवैध हथियार :–</u>

- दिनांक 07.03.2011 को जिला गंगानगर थाना पदमपुर पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से एक पेन पिस्टल मय एक कारतूस, दो 315बोर पिस्तौल एवं 3 पिस्तौल 32 बोर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22 से 26.03.2011 को जिला जोधपुर शहर पुलिस ने अवैध हथियारों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाकर 32 अभियुक्तों के कब्जे से 27 पिस्टल, 2 रिवाल्वर, 42 देशी कट्टे व 133 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.03.2011 को जिला बाड़मेर थाना पचपदरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे बिना लाईसेन्स व लाईसेन्स से अधिक क्षमता में हथियार क्रमशः 1 पिस्टल 7.65एमएम मय 36 कारतूस, एनपी 315बोर राईफल मय 35 कारतूस तथा एक 12बोर गन मय 32 कारतूस बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.03.2011 को जिला नागौर थाना मकराना पुलिस ने दौराने गश्त 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 पिस्टल व 8 कारतूस बरामद किये।
- दिनांक 27.03.2011 को जिला सवाईमाधोपुर थाना कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 1 देशी कट्टा 315 बोर व दो कारतूस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 28 व 31.03.2011 को जिला नागौर थाना खुनखुना व खादूबड़ी पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्तों के कब्जे से 2 देशी रिवाल्वर व1 देशी कट्टा 315 बोर बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.03.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना जवाहन सर्किल पुलिस ने एक हार्डकोर क्रिमीनल के कब्जे से एक देशी कट्टा, व एक कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मार्च 2011 में आर्म्स एक्ट के तहत 432 प्रकरण दर्ज कर 445 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 21 बन्दूकें, 148 रिवाल्वर/कट्टे, 410 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह मार्च तक आर्म्स एक्ट के तहत 1268 प्रकरण दर्ज कर 1302 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 82 बन्दूकें, 167 रिवाल्वर/कट्टे, 623 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

<u>अवैध विस्फोटक :–</u>

- दिनांक 08.03.2011 को जिला सवाईमाधोपुर थाना बौली पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से एक ट्रेक्टर मय कम्प्रेशर मशीन, 15 जिलेटीन व 17 नग डेटोनेटर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.03.2011 को जिला झालावाड़ थाना भवानीमण्डी पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी एक बिना नम्बरी जाइलों गाड़ी की तलाशी में 4 हजार डेटोनेटर एवं 5 क्विंटल जिलेटिन बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मार्च 2011 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 30 प्रकरण दर्ज कर 34 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 1228 जिलेटिन, 5121 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह मार्च तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 125 प्रकरण दर्ज कर 136 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 8781 जिलेटिन, 21429 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

<u>जुआ/सट्टाः–</u>

- दिनांक 01 व 28.03.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना मानसरोवर व मुहाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 10 अभियुक्तों से 15770/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 08, 10, 19, 21, 23 व 31.03.2011 को जिला गंगानगर थाना सूरतगढ, गजसिंहपुर, जवाहरनगर, घमुडवाली, पदमपुर करनपुर व कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर एवं मकान में जुआ/सट्टा खेलते हुए 35 अभियुक्तों से 1,52,370/–रूपये जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.03.2011 को जिला हनुमानगढ़ थाना भिरानी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 4 अभियुक्तों से 22,640/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.03.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना कोतवाली पुलिस ने विश्व कप क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए एक अभियुक्त के कब्जे से 22, 410/–रूपये जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 02 व 30.03.2011 को जिला नागौर थाना कुचामन सिटी कुचेरा पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए जुआ/सट्टा खेलते हुए 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3,19,120/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि व एक टीवी सैट, एक कार, एक मोटरसाईकिल व एक मोबाईल बरामद किया।
- दिनांक 04, 11, 14, 16 व 18.03.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना भदेसर, चित्तौड़गढ़ व निम्बाहेड़ा, पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते एवं क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाते हुए कुल 57 अभियुक्तों से 1,05,670/–रूपये नकद एवं 24,32,800/–रूपये की पर्चियां एवं भारी मात्रा में सट्टे की खाईवाली के उपकरण बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.03.2011 को जिला बून्दी थाना दबलाना पुलिस ने दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 3 अभियुक्तों के कब्जे से 41,080/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 24.03.2011 को जिला झुन्झुनू थाना नवलगढ़ व चिड़ावा पुलिस ने सूत्र सूचना पर क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाते हुए 6 अभियुक्तों से 13,750/–रूपये नकद, सट्टे की खाईवाली करने के उपकरण टेलिफोन, मोबाइल, कम्प्यूटर, टीवी व करोडो रूपये की खाईवाली की पर्ची बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.03.2011 को जिला जयपुर शहर पूर्व थाना जवाहर सर्किल पुलिस ने एक मकान में विश्व कप क्रिकेट पर सट्टा लगाते हुए दो अभियुक्तों से 12 हजार रूपये जुआ/सट्टा राशि, 5 मोबाइल, एक टीवी व 30 लाख रूपये के हिसाब–किताब की पर्चियां बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.03.2011 को जिला झुन्झुनू थाना सिंघाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक मकान में जुआ खेलते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से 44,500/–रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.03.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना मुहाना पुलिस ने क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए 4 अभियुक्तों से 28 हजार रूपये सट्टा राशि, 13 मोबाइल फोन, एक टीवी व सट्टे के हिसाब की पर्चियां बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.03.2011 को जिला भरतपुर थाना कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 7 अभियुक्तों से 42,400/–रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह मार्च 2011 में जिला जयपुर शहर उत्तर थाना गलतागेट भट्टाबस्ती, ब्रह्मपुरी जालुपुरा व रामगंज पुलिस ने सूत्र सूचना पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 86 अभियुक्तों से 4,28,655/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह मार्च 2011 में जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली व फुलेरा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से 4532/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह मार्च 2011 में जिला धौलपुर पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत 60 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 36,431/–रूपये जुआ/सट्टा राशि व अन्य उपकरण बरामद किये।

राज्य में माह मार्च 2011 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1274 प्रकरण दर्ज कर, 2401 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 27 लाख 62 हजार 167 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 में माह मार्च तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 3861 प्रकरण दर्ज कर 7780 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर, 75 लाख 28 हजार 823 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

**विविधः–**

- दिनांक 01.03.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना कानोता पुलिस ने हिरावाला औद्यौगिक क्षेत्र कानोता से तीन अभियुक्तों के कब्जे से 50 किलोग्राम के 36 कट्टे नकली हल्दी, 50 कट्टे गेहु की चापड़, 30 कट्टे चावल की किनकी, 9 पाकैट सुगन्ध वाली हल्दी, 6 कट्टे मिर्च एक चक्की व एक काटा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 03.03.2011 को जिला चित्तौड़गढ़ थाना मंगलवाड़ पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी 5 पिकअप वाहनों में अवैध रूप से 50 गौवंश भर कत्लखाने ले जाते हुए को बरामद कर कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.03.2011 को जिला झुन्झुनू थाना पिलानी पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 5 ड्रमों में 1050 लीटर अवैध डीजल बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.03.2011 को जिला नागौर थाना सुरपालिया पुलिस ने दौराने गश्त अवैध रूप से जिप्सम खनन कर ट्रक में भरकर ले जा रहे 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर एक जेसीबी मशीन व एक ट्रक बरामद किया।

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।